# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–07 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

आज जन औषधि दिवस है। जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता और सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं अब देश के हर कोने तक पहुंच रही हैं और जन औषधि मॉडल अब दुनिया को प्रेरित कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, अच्छी भी, सस्ती भी मंत्र के साथ सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है

**2027 तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में 25 हजार जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा गया है जिससे और अधिक लोग सस्ती और अच्छी दवाओं का लाभ उठा सकें। हर साल सात मार्च को जन औषधि केंद्र के रूप में यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी लगभग पांच हजार नए जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे।**

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि जनऔषधि की पहल करोड़ों लोगों के जीवन को बेहतर बनाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हुई है।

इस मौके पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी अलग अलग कार्यक्रम आयोजित किये गये। वाराणसी जिले के पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में हुए आयोजन में प्रदेश सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार डॉक्टर दयाशंकर मिश्र "दयालु" भी शामिल हुए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा जिले के बरसाना पहुंच कर आज रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने राधा बिहारी इंटर कॉलेज में स्थानीय लोगों के साथ फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पूजा अर्चना भी की। लोगों को होली की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार अयोध्या और काशी की तर्ज पर ब्रज क्षेत्र का विकास करेगी।

**यहां का विकास होगा। पूरा विकास होगा। जैसे अयोध्या में, जैसे प्रयागराज में, जैसे काशी में, जैसे मां विन्ध्यवासिनी धाम में आपको दिखाई दे रहा है। यही हर विकास के कार्य यहां पर इसी रूप में आगे बढ़ेंगे।**

इससे पहले गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्य तिथि पर पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्विद्यालय के पन्त पार्क मे उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की । इस अवसर पर उन्होने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत देश के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होने एक उत्कृष्ट अधिवक्ता के रूप में भी कार्य किया । हिंदी को राजभाषा के रूप में स्थापित करने का श्रेय भी पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी को ही जाता है। गोरखपुर दौरे के तीसरे दिन आज सुबह भी गोरखनाथ मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं।

**********

वाराणसी जिले में आज से तीन दिवसीय बनारस लिट फेस्ट शुरू हो गया। असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी ने इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने कहा कि काशी में इस तरह का आयोजन काफी फायदेमंद साबित होगा। यहां एक से बढ़कर एक साहित्यकार हुए हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं से देश को एक नई दिशा दी है। बनारस लिट फेस्ट में शामिल होने के लिए देश–विदेश से सात सौ लोग काशी पहुंचे हैं।

**********

जौनपुर जिले में दस मार्च से जौनपुर महोत्सव मनाया जाएगा। यह बारह मार्च तक चलेगा। यह जानकारी प्रदेश सरकार में खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद यादव ने दी। उन्होंने बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम जौनपुर के शाही किले में होगा। इसमें सांस्कृतिक, सामाजिक और धार्मिक झलकियां देखने को मिलेंगी।

**********

कल अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। राष्ट्रीय महिला आयोग इस मौके पर कल नई दिल्ली में अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के सहयोग से अखिल भारतीय महिला अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। दो दिन के सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से करीब एक हजार अधिवक्ता भाग लेंगी। वहीं, इस अवसर पर महिलाओं को वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में द्वार संख्या चार बी से कल सुगम दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण ने यह जानकारी दी।

**********

मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–पिरथीगंज–मां बाराही देवी धाम–गौरा रेलखंड पर आगामी बीस से छब्बीस मार्च तक ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के तहत आने वाले इस रूट पर चार ट्रेने निरस्त कर दी गई हैं, जबकि कई ट्रेनों को रूट बदल कर चलाया जाएगा।

**********

प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के मुताबिक इस अवधि में अधिकतम तापमान तीन से पांच डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा। साथ ही इस सप्ताह मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********